# मिलकर एक मजबूत ओंटारियो का निर्माण करना

## *ओंटारियो का 2023 फॉल इकोनॉमिक स्टेटमेंट सपोर्ट करता है*

## *प्रांत भर में विकास*

टोरंटो- *आज, वित्त मंत्री Peter Bethlenfalvy ने 2023 ओंटारियो आर्थिक दृष्टिकोण और राजकोषीय समीक्षा : मिलकर एक मजबूत ओंटारियो का निर्माण करना जारी की।* यह अपडेट सरकार के जिम्मेदार, लक्षित दृष्टिकोण को जारी रखता है, जो आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने में मदद करने के लिए आवश्यक लचीलापन प्रदान करता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक मजबूत राजकोषीय नींव रखते हुए विकास करने वाले समुदायों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण करता है।

ओंटारियो में उल्लेखनीय विकास दिखाई दे रहा है, जिसमें लगभग 500,000 अधिक लोग पिछले वर्ष प्रांत में आए और अकेले 2023 के पहले नौ महीनों में 170,000 से अधिक शुद्ध नई नौकरियां सृजित हुईं।

मंत्री Bethlenfalvy ने कहा, " हमारी आबादी बढ़ रही है, नौकरियां सृजित हो रही हैं और अधिक से अधिक कंपनियां ओंटारियो को व्यवसाय करने के लिए एक जगह के रूप में चुन रही हैं।" उन्होंने आगे कहा, " जबकि यह अच्छी खबर है, इसे भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के समय हल्के में नहीं लिया जा सकता है। आगे के मार्ग के लिए विकल्प स्पष्ट है। हमें अपनी सरकार के लक्षित दृष्टिकोण के साथ जारी रखना चाहिए — इसमें वह लचीलापन है जिसकी हमें पूरे ओंटारियो में बढ़ते समुदायों का सपोर्ट करने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण करने हेतु अभी भी जरूरत है।"

*मिलकर एक मजबूत ओंटारियो के निर्माण करने* के साथ, सरकार महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तेजी से और अधिक स्मार्ट बनाने, निवेश करने और अधिक नौकरियों को आकर्षित करने तथा लोगों के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान करने में मदद करने के लिए नए साधन पेश कर रही है।

प्रमुख बातों में शामिल हैं:

- सार्वजनिक क्षेत्र की पेंशन प्लान और अन्य विश्वसनीय संस्थागत निवेशकों को प्रांत भर में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए अन्य पर अनुचित प्रभाव डाले बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली नई, बोर्ड-शासित एजेंसी, ओंटारियो इंफ्रास्ट्रक्चर बैंक (Ontario Infrastructure Bank ) को लांच करना। शुरुआत से ही, परियोजनाओं को नगरपालिका, समुदाय, ऊर्जा और परिवहन क्षेत्रों में दीर्घकालिक केयर होम्स, किफायती आवास और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित किया जाएगा।
- नए उद्देश्य-निर्मित किराये के आवास की अर्हता प्राप्त करने पर Harmonized Sales Tax (हार्मोनाइज्ड सेल्स टैक्स -HST) के पूर्ण आठ प्रतिशत प्रांतीय हिस्से को हटाने के लिए कदम उठाकर अधिक किराये के घरों का निर्माण करने में मदद करना। इससे बिल्डर अधिक संख्या में किराये की इकाइयों का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित होंगे, और यह ओंटारियो में लोगों को रहने के लिए जगह खोजने और वहन करने में मदद करने के लिए सरकार के प्लान में अन्य कदम है।
- कुल $500 मिलियन के लिए इन्वेस्ट ओंटारियो फंड (Invest Ontario Fund) को अतिरिक्त $100 मिलियन प्रदान करना, जो सरकार की निवेश को आकर्षित करने वाली एजेंसी, इन्वेस्ट ओंटारियो (Invest Ontario) को प्रांत में और अधिक अग्रणी कंपनियों को आकर्षित करने, यहां मौजूद पहले से ही व्यवसायों को आगे सपोर्ट करने तथा प्रांत भर के समुदायों में अच्छा वेतन देने वाली नौकरियाँ सृजित करने में मदद करेगा।

- महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण को प्रोत्साहित करने और छोटी अन्वेषण कंपनियों के लिए पूंजी तक पहुँच को बेहतर करने में मदद करने के लिए शेयर टैक्स क्रेडिट पात्रता के माध्यम से - ओंटारियो केंद्रित प्रवाह को बढ़ाने का प्रस्ताव करना। यदि अनुमोदित किया गया है, तो परिवर्तन 2023 के टैक्स वर्ष से शुरू होगा और ओंटारियो के महत्वपूर्ण खनिज खनन उद्योग को टैक्स क्रेडिट सपोर्ट में प्रति वर्ष $12 मिलियन जोड़ेगा।
- मौजूदा गैस और ईंधन टैक्स की दर में कटौती को 30 जून, 2024 तक विस्तारित करना - एक प्रस्तावित परिवर्तन, जो पहले से ही लागू दरों में कटौती से, परिवारों की औसतन $260 बचत करेगा क्योंकि कटौती पहली बार जुलाई 2022 में लागू की गई थी।
- ओंटारियो स्तन स्क्रीनिंग कार्यक्रम (Ontario Breast Screening Program) के माध्यम से मैमोग्राम के लिए स्वयं संदर्भित करने की अनुमति देने के द्वारा, 40 से 49 वर्ष की उम्र की महिलाओं के लिए स्तन कैंसर स्क्रीनिंग हेतु एक्सेस विस्तार करना। 2024 के उत्तरार्ध की शुरूआत में, इन उपायों से 305,000 से अधिक अतिरिक्त व्यक्तियों के लिए एक्सेस बढ़ेगी।

मंत्री Bethlenfalvy ने कहा, "आगे की राह आसान नहीं होने वाली है, लेकिन हमने देखा है कि ओंटारियो के लोग मिलकर क्या कर सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा, “ साथ मिलकर, हम आज की अनिश्चितता का सामना कर सकते हैं और एक मजबूत ओंटारियो बना सकते हैं।"

## *त्वरित तथ्य*

- सरकार अब अपडेट की गई आर्थिक और राजस्व जानकारी तथा अल्पकालिक जोखिमों को कम करने के लिए उच्चतर आकस्मिकताओं के आधार पर 2023-24 में $ 5.6 बिलियन के घाटे का अनुमान लगा रही है।
- मध्यम अवधि में, सरकार 2025-26 तक ओंटारियो के घाटे को खत्म करने के लिए एक जिम्मेदार दृष्टिकोण अपना रही है। 2024-25 में $5.3 बिलियन के घाटे का अनुमान है, इसके बाद 2025-26 में $0.5 बिलियन का अधिशेष होगा।

## अतिरिक्त संसाधन

- ***2023 ओंटारियो आर्थिक दृष्टिकोण और राजकोषीय समीक्षा (2019 Ontario Economic Outlook and Fiscal Review):मिलकर एक मजबूत ओंटारियो का निर्माण करना***
- पढ़ें ***बैकग्राउंडर:आर्थिक और राजकोषीय सिंहावलोकन***
- पढ़ें ***बैकग्राउंडर: ओंटारियो इंफ्रास्ट्रक्चर बैंक (Ontario Infrastructure Bank) लांच करना***
- पढ़ें ***मिलकर एक मजबूत ओंटारियो का निर्माण करने की प्रमुख बातें***
- पढ़ें ***2023 ओंटारियो बजट:एक मजबूत ओंटारियो का निर्णाण करना***
- ओंटारियो इंफ्रास्ट्रक्चर बैंक

---


**मीडिया संपर्क**

ontario.ca/finance-news
*Disponible en français*

Emily Hogeveen
मंत्री का कार्यालय
647-294-6166
Emily.Hogeveen@ontario.ca

Scott Blodgett
संचार शाखा
416-728-9791
Scott.Blodgett@ontario.ca